बरसात किसानों के लिए रोक, माफियाओं... बरसात किसानों के पृष्ठ 2 | कबीरधाम पुलिस ने 16.50 लाख... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


गुरूवार, 18 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 326, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारी के मरीजों का ईलाज कर चिकित्सकों ने की अमूल्य सेवा : डॉ. रमन सिंह

### विधानसभा अध्यक्ष शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर के समापन समारोह में हुए शामिल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव द्वारा भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया तथा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सृष्टि के निर्माता भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिवस है एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भी है, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया है। उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन राजनांदगांव के लिए ऐतिहासिक एवं यादगार है। निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारी के मरीजों का ईलाज कर चिकित्सकों ने अमूल्य सेवा दी है। निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, ऑर्थोपेडिक एण्ड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, मेडिसिन विशेषज्ञ सहित प्रदेश के विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ ही जिले के चिकित्सकों ने अपनी अमूल्य सेवाएं दी है। प्रदेश से आए 18 एवं जिले से 12 कुल 30 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में 2056 मरीजों ने अपना पंजीयन कराया था। मरीजों को ईलाज के साथ आयुष्मान कार्ड, दवाईयां एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुझाव दिए गए। वही सीआरसी के स्टॉल में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण दिए गए है। दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं पढ़ाई के लिए सीआरसी एक अद्भुत केन्द्र है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रास सोसायटी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, डीन, पैरामेडिकल स्टॉफ वालेंटियर्स एवं नर्सिंग स्टॉफ मेडिकल विद्यार्थियों सभी के सहयोग से निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का अच्छा आयोजन किया गया है।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शिविर की सफलता इस बात में है कि मरीजों का ईलाज करने के बाद उनका फॉलोअप लेते हुए अंतिम निराकरण के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि हृदय रोग के मरीजों को आगे के ईलाज के लिए रिफर भी किया जाएगा। आज के शिविर में 8 मरीजों को अभी पता चला की उन्हें हृदय रोग की बीमारी है। इसी तरह किडनी तथा मधुमेह व मोतियाबिंद के मरीजों को यह जानकारी नहीं थी कि उन्हें यह बीमारी है। दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को जिन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती है। उनके लिए यह शिविर महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों का जो गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, उन्हें रायपुर या उच्च केन्द्रों में शत-प्रतिशत ईलाज कराएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी श्री तोमन साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर कोटि-कोटि बधाई दी। भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा आयोजित निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सेवा ही हमारा धर्म है और सेवा कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है, प्रदेश को आगे बढ़ाना है। पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दृढ़नायक, समर्पित राष्ट्रभक्त एवं प्रेरणास्रोत है। यह कामना है कि वह दीर्घायु रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी विभिन्न क्षेत्रों में मानव सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। शिविर के माध्यम से जनसामान्य को आज इसका लाभ मिला है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में 2051 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य जांच की सुविधा ली है। प्रतिष्ठित विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में मरीजों का ईलाज किया गया है। कुल 30 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी है। कार्डियोलाजी के लिए ईको मशीन, एक्स-रे मशीन भी उपलब्ध था। आईएमए ने 10 लाख रूपए दी दवाईयां देकर सहयोग किया गया है। राम रसोई ने 3 हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की। रेडक्रास के 50 वालिंटियर्स, नर्सिंग स्टॉफ मेडिकल विद्यार्थी सहित सभी का सहयोग रहा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में अपनी अमूल्य सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## सरकार से होगी मंदिरों के जीर्णोद्धार की मांग



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ का बैठक स्थानीय राष्ट्रीय कार्यालय वाला बाबा मंदिर सोनार पारा में संपन्न हुआ बैठक को संबोधित करते हुए पुजारी पुरोहित संघ के जिला अध्यक्ष किला मंदिर दिग्विजय कॉलेज परंपरागत राजघराना मंदिर के पुरोहित दिलीप दास वैष्णव ने कहा कि संगठन में शक्ति है एक रहने से ही विभिन्न समस्याओं का हाल होता है दिवाली के बाद राजनांदगांव में पूरे मंदिर के पुजारी तथा पुरोहितों को इकट्ठा कर उनका सम्मेलन तथा सम्मान किया जाएगा प्रदेश सचिव बजरंगबली मंदिर मानव मंदिर चौक के महाराज डोमन दास जी ने कहा कि सरकार को मंदिरों के प्रति ध्यान देना चाहिए आज मंदिर की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है तथा पुजारी को आर्थिक मजबूती की आवश्यकता है सरकार से शीघ्र पुजारी को मासिक सहयोग राशि मांग की जाएगी उक्त बैठक में अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजनीय देव कुमार निर्वाणी जी गिरधर शर्मा महाराज जगन्नाथ मंदिर जितेंद्र झा दिग्विजय कॉलेज गणेश मंदिर शेखर दुबे दुर्गा मंदिर वैभव निर्वाणी बाला बाबा मंदिर महेंद्र वैष्णव राजा जमात मंदिर संतोष वैष्णव चंदन शर्मा सृष्टि कॉलोनी मंदिर गोलू मिश्रा हनुमान मंदिर चीखली निखिल वैष्णव शिव धाम लखोली ज्ञानेश्वर वैष्णव खुर्द शिव मंदिर दिलीप दास वैष्णव किला मंदिर राकेश वैष्णव राधा कृष्ण लेबर कॉलोनी मंदिर चंदन दास जी हनुमान मंदिर बड़े जमात मंदिर पुजारी रिंकू दास जी कृष्ण मंदिर के पुजारी मनीष दास जी महावीर मंदिर के पुजारी हालदार दास राकेश वैष्णव राधा कृष्ण मंदिर लीवर कॉलोनी निधि वैष्णव शिव मंदिर विकास नगर ने तथा सामाजिक बंधु एलडी निर्मोही राकेश दास वैष्णव संजय वैष्णव संदीप सतीश तिवारी मां दंतेश्वरी मंदिर जमात पर दास वैष्णव किल्लापारा वैष्णव शिव वैष्णव कृष्ण कुमार वैष्णव जितेंद्र वैष्णव सतीश वैष्णव मनोज निर्वाणी बाबा वैष्णो ज्ञानी वैष्णव रोहित वैष्णव धर्म वैष्णव अमर वैष्णो संजीत वैष्णव राजकुमार वैष्णव राम वैष्णव विष्णु वैष्णव आदि ने महासम्मेलन की तैयारी हेतु सबसे अपील की है।

## महाविद्यालय, में विश्व ओजोंन दिवस जागरूकता एवं गतिविधियाँ

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विश्व ओजोंन दिवस शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर



स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव के प्राचार्य, डॉ. ए.के. धमगाये के मार्गनिर्देशन अनुसार विज्ञान विभाग एम.एस.सी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं द्वारा ओजोंन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न पहलुओं पर ओजोंन परत, क्षरण, मानव एवं जीव-जन्तुओं पर इसका प्रभाव एवं रोकथाम पर भाषण, श्लोगन, प्रश्नउत्तरीय, आयोजित किये गये कार्यक्रम का संचालन छात्र चंद्रशेखर एवं संस्कृति प्रभारी पूरन लाल रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चंचल स्टेला कुजूर ने सभी पहलूओं पर जानकारी देकर छात्र/छात्रों को ओजोंन परत के प्रति जन जागरूकता फैलाने का आग्रह किये एवं कार्यक्रम के अन्त में प्रश्नउत्तरीय प्रतियोगिता रखा गया जिसमें प्रथम पुरस्कार भागवत साहू और द्वितीय पुरस्कार हेमलता वैष्णव, तृतीय पुरस्कार रवि खोब्रागढ़े ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष रेणुका ठाकुर, एम.एल.नायक, और शिक्षकगण कमलेश टेबुंलकर, जॉनसन प्रसाद चौधारी, पवन देवांगन, नरेश साहू, गौरव देवांगन, अर्चना देवांगन, सारिका टण्डन ने भी ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान किये।

## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने मोदी जी का जन्मदिन आस्था में मनाया

### मोदी जी कलयुग के सृजनकर्ता है - खुबचंद पारख



**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व मे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर आस्था मूकबधीर शाला में 75 बच्चों के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया और केक काटकर बच्चों के साथ खुशियां बाटी । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उन की प्रशंसा करते हुए कहा कि .आज पूरे विश्व में मोदी जी का डंका बजता है और अमेरिका जैसा देश जो कभी मोदी जी को वीजा नहीं दे रहा था आज वह मोदी जी के नजदीक आना चाहता है । पारख ने कहा कि मोदी जी अपना जन्मदिन पर सादगी पूर्वक जनता की सेवा के लिए 17 आयाम के साथ पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सेवा पखवाड़े के तहत लोगों की सेवा कर रहे हैं । यह विश्व का अद्वितीय एवं अनुपम उदारहण है ।श्री पारख ने कहा कि आज भारत के नवनिर्माण में मोदी जी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं,उनके नेतृत्व मे देश आर्थिक रूप से संपन्न हो रहा है और हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है । उन्होंने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज कलयुग के दौर मे भारत के विकास की नवीन संभावनाओं का सृजन मोदी जी कर रहे हैं । कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश मंत्री अमर लालवानी ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्डा ने किया । इस अवसर पर बच्चों के साथ के जन्मदिन की खुशियां मना कर, एवं केक काटकर, चॉकलेट बिस्किट और नमकीन पैकेट का वितरण भी किया गया ।

## वोट चोर् गद्दी छोड़ अभियान के तहत एआईसीसी महासचिव व छग प्रभारी सचिन पायलट 18 को शहर में

### केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों पर भरेंगे हूंकार, प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण होंगे शामिल

#### शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विशाल पदयात्रा व आमसभा



**राजनांदगांव।** केन्द्र की मोदी व भाजपा सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे देश में च्वोट चोर् गद्दी छोडच्च् अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस राजनांदगांव द्वारा 18 सितंबर गुरूवार को एआईसीसी महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के मुख्य आतिथ्य में पदयात्रा एवं विशाल जनसभा होगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी जी द्वारा पूरे देश में च्वोट चोर् गद्दी छोडच्च् अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर छग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में 18 सितंबर को एआईसीसी महासचिव व छग प्रभारी सचिन पायलट के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय च्वोट चोर गद्दी छोड़च्च् कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके तहत सुबह 10.30 बजे गुरूनानक चौक से पदयात्रा निकलेगी जो मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, आजाद चौक होते हुए गुड़ाख लाइन, जूनी हटरी से सुबह 11 बजे जयस्तंभ चौक सभास्थल पहुंचेंगी जहां पर विशाल आमसभा को कांग्रेसजन व आमजनता को केन्द्र की मोदी सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों को लेकर अपनी बात रखेंगे और जनता को वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के बारे में बताएंगे। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी जी द्वारा लगातार बताया जा रहा है कि भाजपा द्वारा वोट चोरी कर विभिन्न राज्यों में सरकारे बनायी गई है। जिससे आम जनता का वोट चोरी हो रहा है। जिसे भाजपा षडयंत्रपूर्वक संवैधानिक संस्था से मिलीभगत सामने आ रही है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, छग नेता प्रतिपक्ष डा.चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित विधायकगण, पदाधिकारीगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने दी।

## दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेण्डरो की हड़ताल से रजिस्ट्री कार्यालय के कामकाज ठप्प



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** छ.ग.प्रदेश दस्तावेज लेखक जन कल्याण संघ के आव्हान पर बिलासपुर के दस्तावेज लेखक की गिरफ्तारी एवं जेल दाखिल के विरोध में डोंगरगढ़ के दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेण्डरो ने तहसील कार्यालय के पीछे एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर हड़ताल किया गया जिससे रजिस्ट्री कार्यालय के सभी काम ठप्प पड़ गए और लोग इधर उधर चक्कर काट परेशान होते दिखे। आपको बता दें कि कुछ दिनों पूर्व बिलासपुर के दस्तावेज लेखक महेन्द्र सिंह ठाकुर को जमीन की रजिस्ट्री प्रकरण के सम्बंध में गिरफ्तार करने तथा जेल दाखिल करने पर दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेण्डर संघ ने घोर निंदा और भर्त्सना करते पूरे प्रदेश में 16 सितंबर को फैसले के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करना सुनिश्चित हुआ था। इसी कड़ी में डोंगरगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेण्डरो के द्वारा प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि दस्तावेज लेखक का कार्य कृषि भूमि या अन्य भूमि का दस्तावेज तैयार शासकीय दस्तावेज के साक्ष्य को देख कर किया जाता है। दस्तावेज लेखक के खिलाफ सीधा प्रकरण बनाकर गिरफ्तार करना, जेल दाखिल करना सरासर न्याय संगत नहीं है। दस्तावेज लेखक स्टाम्प वेण्डर संघ की मांग है कि महेन्द्र सिंह ठाकुर के खिलाफ उठाये गये कदम को निरस्त कर महेन्द्र सिंह ठाकुर को तुरन्त रिहा किया जावें। सांकेतिक धरना प्रदर्शन के दौरान कैलाश शर्मा,वेंकट राव,रमेश बहेकर रविन्द्र तिवारी, जामवंत देवांगन, श्रीनिवास जनबंधु, संतोष सहारे, पुरन साहू, सेवियर फ्लिीफ,सुजीत पाठक,नरेश बहेकर, पुनाराम बावनकर, सोनू भारद्वाज,ओमकेश उजवने, पुरूषोतम ताम्रकार,सूरज शाह, संजय टेंभुरकर, भेषज नामदेव सहित दस्तावेज व स्टाम्प वेंडर संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

nandgaon times sep-18-3.qxd 9/17/2025 10:52 PM Page 2



# बरसात किसानों के लिए रोक, माफियाओं के लिए मौका - बटांकन दरवाज़े से सीधा अंदर

## नक्शा रातों-रात बना, रजिस्ट्री 10 दिन में दो - गांव प्यासा, विभाग पैसा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम सोमनी में 60 साल पुराने स्टॉप डेम की नहर-नाली को राजस्व विभाग और भू-माफियाओं की साजिश से नक्शे से 'गायब' कर दिया गया। अब उसी पर कॉलोनी काटने की तैयारी है ङ्क यानी अब सरकारी पानी भी बिकाऊ हो गया है!

**किसानों के लिए नियम, माफियाओं के लिए सुविधा!**

जहां आम किसान नक्शा बटांकन के लिए महीने भर से आवेदन दे रहा है, उसे जवाब मिलता है ङ्क च्बरसात का मौसम है, नहीं हो सकता। लेकिन चौंकाने वाली बात ये कि एक ही दिन में भू-माफियाओं को न सिर्फ नक्शा मिला, बल्कि बटांकन, सीमांकन और रजिस्ट्री भी हो गई। 10 दिन ङ्क 2 रजिस्ट्री ङ्क एक ही जमीन, दो सौदे! संजय कोसरे और निखिल कोसरे की पारिवारिक विवादों में फंसी कीमती कृषि भूमि को दलालों ने महज़ ?2.5 करोड़ में हथिया लिया। ज़मीन का वास्तविक बाजार मूल्य ?9 करोड़ से अधिक बताया जा रहा है। 10 दिन बाद उसी ज़मीन को गांव के ही नगरसेठ को ?9 करोड़ में बेच दिया गया! दोनों रजिस्ट्री में सरकारी दर दिखाकर स्टांप



ड्यूटी की चोरी और राजस्व का बड़ा नुकसान किया गया। नहर? कौन सी नहर? - नक्शे में जादूगरी, 60 साल पुरानी नहर गायब! स्टॉप डेम से निकलने वाली नहर, जो पूरे गांव की सिंचाई व्यवस्था का आधार थी, उसे नक्शे से पूरी तरह 'गायब' कर दिया गया। राजस्व विभाग की कलम चली और नहर प्राइवेट ज़मीन बन गई। अब वहां अवैध प्लॉटिंग शुरू है। कॉलोनी के बदले प्यासे खेत ङ्क आने वाली गर्मी में पानी के लिए हाहाकार तय!* गांव के इकलौते जलाशय से जुड़ी यह नहर अगर खत्म हो गई, तो गर्मियों में गांव में भयंकर जल संकट होगा। किसान पहले से ही परेशान हैं, अब सिंचाई का साधन भी छीना जा रहा है। बैक डेट का खेल ङ्क च्वर्तमान में काम नहीं हो सकताज़, लेकिन पुरानी तारीख में सब कुछ संभव! आम किसान को कहा जाता है ङ्क *च्बरसात है, नाप-जोख नहीं हो सकता। लेकिन भू-माफियाओं के लिए बैक डेट में आवेदन तैयार, और उसी दिन नक्शा पास, बटांकन तैयार और रजिस्ट्री फ़ाइनल! यही नहीं ङ्क दूसरी रजिस्ट्री भी महज़ 10 दिन बाद, और उसमें भी वही खेल। ग्रामीणों में आक्रोश ङ्क च्अगर नहर बिक सकती है, तो कल बांध भी बिकेगा? ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ ज़मीन हड़पने की साजिश नहीं, बल्कि पूरे राजस्व तंत्र की गिरावट का उदाहरण है। ग्राम पंचायत, सरपंच और ग्रामीणों ने कलेक्टर, विधायक डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडेय को शिकायत करने की तैयारी की जा रही है।

## बेलटिकरी मे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलटिकरी में,जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा



स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक महिलाओं को प्रोत्साहित एवं उनको बीमारियों से दूर रखने के लिए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है।जिसके अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलटिकरी में शिविर का आयोजन किया गया।जिसके अंतर्गत महिलाओं के उच्च रक्तचाप,शर्करा , कैंसर,खून की कमी (एनीमिया), टी बी, सिकल सेल आदि की जांच की गई। गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच जैसे (ए एन सी) चेकअप तथा बच्चों के लिए टीकाकरण की सुविधा इत्यादि शामिल है।नारी स्वस्थ रहेगी तो परिवार भी सशक्त रहेगा । महिलाओं का स्वास्थ्य सही होना न केवल एक परिवार के लिए सही है ,बल्कि पूरा समाज और पूरा देश सशक्त रहेगा।इस थीम को लेकर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस जनभागीदारी अभियान मे बी टी ओ अमृता जैन, हेमंत ठाकुर सुपरवाइजर,मेघनाथ भुवार्य, एन एम ए महिला सुपरवाइजर श्रीमति बाजपेई,सरिता निषाद , संजय सोनी ,मितानिन दीदी सुनीता पटेल,गोमती निषाद ,पुष्प साहू, लिलेश्वरी साह, अंगेश्वरी साहू , चैती साहू,कौशल्या नेताम ,राधा साहू, दुर्गा साहू, भूपेश्वरी, मंजू साहू, संतोषी साहू, टोमीन साहू ,शिवबती साहू , थलेश्वरी साहू ,,गांव के जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।इस कार्यक्रम की जानकारी संजय सोनी ने दी।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी नेवल के दो कैडेट,ने ऑल इंडिया नव सैनिक कैंप 2025 लोनावला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय



राजनांदगांव के एनसीसी नेवल के दो कैडेट, कैडेट राहुल लहरे और कैडेट शिव चौधरी ने ऑल इंडिया नव सैनिक कैंप 2025 लोनावला में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया एवं एमपी × सीजी डायरेक्टरेट ने 17 डायरेक्टरेट के मध्य होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं अपने प्रदेश एवं महाविद्यालय को गौरवान्वित किया इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य सुचित्रा गुप्ता द्वारा एनसीसी नेवल के ए एन ओ विकास कांडे एवं कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्र सेवा में योगदान देने हेतु प्रेरित किया इस अवसर पर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा द्वारा छात्रों को बधाई दिया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में की साफसफाई

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नीचे मां बमलेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की है । इस दौरान



कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिषर में स्वच्छता अभियान चलाकर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया । इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती पूर्व विधायक विनोद खांडेकर , सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना , वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र भाई पटेल लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, ,नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, डी यकेस राव पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार ,शारदा यादव, मारोती , गिरीश साहू,,चितरंजन साहू, ललित शर्मा ओम प्रकाश साखरे, महेश सहारे नवीन ,आवेश निगम ,शुभम परिहार, अक्षय यादव ,रामकुमार डरसेना , अजय शर्मा हिमांशु सेन, सहित अन्य उपस्थित थे।

**शुभांक**

**1-6-9**

**699-4 167-4**

**भाग्यांक**

**179-7 -----**

# झूठे आरोपों से मेरी छवि धूमिल करने की कोशिश- सरपंच कैलाश ऊके

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** वनांचल क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बोरतलाव में चल रहे विवाद पर बुधवार को वर्तमान सरपंच व सरपंच संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष कैलाश ऊके ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने जनपद सभापति व पूर्व सरपंच सरिता ओमप्रकाश मंडावी द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। गौरतलब है कि पूर्व सरपंच सरिता मंडावी ने वर्तमान सरपंच कैलाश ऊके पर ग्रामसभा के दौरान जातिगत टिप्पणी करने और अपने कार्यकाल के 6 लाख 18 हजार रुपये का भुगतान रोकने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसकी शिकायत अनुसूचित जाति-जनजाति थाना और महिला थाने में की है। कैलाश ऊके ने कहा कि सभी आरोप निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामसभा में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे, ऐसे में किसी जाति विशेष पर टिप्पणी करने का प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने



कहा कि पूर्व सरपंच के कार्यकाल में खरीदी गई कई शासकीय सामग्री का निजी उपयोग किया जा रहा था, जिसे वापस करने के लिए कहा गया है। निर्माण कार्यों का इंजीनियर द्वारा सत्यापन और मूल्यांकन होने के बाद ही भुगतान किया जा सकता है। भुगतान रोकने की बात उन्होंने कभी नहीं कही।कैलाश ने कहा कि पूर्व सरपंच ने आवेश में आकर समाज के पदाधिकारियों को गलत जानकारी दी और एससी-एसटी एक्ट का गलत इस्तेमाल कर झूठी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं और हमेशा महिलाओं का सम्मान करते हैं। ग्रामसभा में मौजूद ग्रामीणों से बयान लेकर सच्चाई सामने आ सकती है। पंचायत में अब तक स्थाई सचिव नहीं- साथ ही सरपंच कैलाश ऊके ने यह भी बताया कि बोरतलाव जैसी बड़ी पंचायत में अब तक स्थाई सचिव की नियुक्ति नहीं हुई है। पड़ोसी पंचायत का सचिव प्रभार में है, जिससे पंचायत का नियमित कामकाज प्रभावित हो रहा है। सचिव की अनुपस्थिति की वजह से भुगतान में देरी हुई, लेकिन भुगतान रोकने की मंशा कभी नहीं थी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को ढाल बनाकर अधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस पूरे मामले में कैलाश ऊके ने प्रशासन से मांग की कि ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों के बयान लेकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए, ताकि झूठे आरोपों की सच्चाई सामने आ सके।

## विश्वकर्मा जयंती: टाकाघर में प्रतिमा स्थापना एवं पूजा अर्चना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,जल विद्युत व मोटर विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, स्वास्थ्य विभाग के



प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी। जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका,लोककर्म विभाग में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के तकनीकि विभागों में प्रतिवर्ष तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर लोककर्म,जल,विद्युत व मोटर विभाग के कर्मचारियों ने भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।

# आज अग्रसेन आनंद मेला

## जयंती महोत्सव में प्रतिभाओं को मिल रहा है प्रोत्साहन एवं पुरस्कार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 18 सितम्बर, गुरुवार को 'अग्रसेन आनंद मेला' आयोजित है। मुख्य अतिथि सुनील रामकरण अग्रवाल एवं श्रीमती शोभादेवी कमलनारायण अग्रवाल, शिवनाथ वाटिका में शाम 6 बजे इस मेले का उद्घाटन करेंगे।



इससे पहले अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन तथा अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बाईक रैली निकाली जायेगी। यह रैली अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगी।शिवनाथ वाटिका में रैली का समापन होगा। अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल, मेला प्रभारी हर्षित अग्रवाल आदित्य लोहिया, अर्पित अग्रवाल ने बताया कि इस बार मेले की थीम ' प्रकृति संरक्षण पर्यावरण संरक्षण ' है । ' ग्रीन फेस्ट ' में इस संदेश के अनुरूप मेला स्थल में जंगल और हरियाली प्रदर्शित करते हुए सजावट की गई है । नवयुवक मंडल के मयंक गोयल,अभिनव अग्रवाल,अक्षत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल,शिवम अग्रवाल, रचित अग्रवाल,नमन अग्रवाल के अनुसार मेले का मुख्य आकर्षण हाऊजी, कपल गेम्स,मिकी माऊस तथा ट्रेम्पोलिन है। श्रेष्ठ स्टाल सजावट, स्वनिर्मित श्रेष्ठ पकवान को पुरस्कृत किया जायेगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं शिव अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, परमानंद गोयल, रमणीक अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल ने सभी से मेले में स्वादिष्ट व्यंजनों तथा मनोरंजक कार्यक्रमों का आनंद लेने की अपील की है।

**प्रतियोगिता के परिणाम**- महिला मंडल द्वारा - सूखे खड़े मसाले से ज्वेलरी बनाओ - प्रथम, सिमरन ईशान गोयल, द्वितीय,हिना मयंक अग्रवाल, प्रिंसी रजत अग्रवाल । रागी के मीठे व्यंजन - प्रथम, प्रियांशी राकेश अग्रवाल, द्वितीय ऋचा यश अग्रवाल, मेघा उत्सव अग्रवाल। अग्रसेन जी का मुकुट सजाओ, प्रथम ज्योति सुशील अग्रवाल, द्वितीय नितिशा नितीन अग्रवाल, शशि राजेश खोखरिया। राणी सती दादी की आकृति - प्रथम रश्मि विकास अग्रवाल, द्वितीय प्रिंसी रजत अग्रवाल, साक्षी विनय अग्रवाल। 1 मिनट गेम्स - प्रथम ,पुष्पा सुभाष अग्रवाल, द्वितीय बुलबुल राम अग्रवाल। लक्की ड्रा - मेघा उत्सव अग्रवाल। नवयुवक मंडल द्वारा - नींबू दौड़ (किड्स ) प्रथम अथर्व अग्रवाल, द्वितीय मानवी अग्रवाल। नींबू दौड़ (जूनियर ) प्रथम हर्षिता अग्रवाल, द्वितीय रित अग्रवाल। नींबू दौड़ (सीनियर ) प्रथम अनिता शरद अग्रवाल, द्वितीय नीति अग्रवाल । लूडो (किड्स ) प्रथम अभिमन्यु अग्रवाल, द्वितीय आरव अग्रवाल। लूडो (जूनियर ) प्रथम आध्या अग्रवाल, द्वितीय रित अग्रवाल। लूडो ( सीनियर ) प्रथम कुसुम अग्रवाल, द्वितीय रमा अग्रवाल।

# दिग्विजय कालेज में हिंदी दिवस पर साहित्यकार गिरीश और संपादक सुशील कोठारी हुए सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी पत्रकारिता और डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति साहित्य सम्मान से क्रमश: सुशील कोठारी और साहित्यकार गिरीश पंकज को सम्मानित किया गया।



इसके साथ ही लगभग चालीस प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार का सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह में प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। आयोजन में दो पुस्तकों का विमोचन भी हुआ तथा हिंदी की वैश्विक स्थिति पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किये। हिंदी को सागर की तरह बताते हुए उसमें समन्वय की प्रकृति बतलाई गई। हाथ ही हिंदी के साथ ही सभी भारतीय और विदेशी भाषाओं के प्रति सम्मान का भाव रखने पर जोर दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ आर एन सिंह ने हिंदी को दुनिया की सबसे तीसरी लोकप्रिय भाषा बताया तो मुख्य वक्ता गिरीश पंकज ने कहा कि हिंदी भले ही संवैधानिक रूप से राष्ट्रभाषा न हो लेकिन पूरा हिंदुस्तान इसे राष्ट्रभाषा ही मानता है। विशेष अतिथि डॉ जौहर शाफ़्यिाबादी ने हिंदी को भारतीय एकता की भाषा कहा और अपनी ओजस्वी वाणी में राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए नवयुवकों को आगे आने के लिए संदेश दिया। विशेष वक्ता सुशील कोठारी ने छत्तीसगढ़ में हिंदी पत्रकारिता का उल्लेख करते हुए 'सबेरा संकेत ' अखबार का महत्व दर्शाया। समारोह के दूसरे चरण में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय की भोजपुरी कविता संग्रह 'भोजपुरी गीत-कवित्त' और डॉ के एन प्रसाद की हिंदी पुस्तक 'प्रादेशिक विकास एवं नियोजन' का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही हिंदी सप्ताह में आयोजित हिंदी सामान्य ज्ञान, काव्यपाठ, श्रुति लेखन, उद्घोषणा और समाचार वाचन जैसी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय साहित्यकार गिरीश ठक्कर, आत्माराम कोशा लायंस क्लब के श्री अमलेन्दु हाजरा, राकेश ठाकुर, प्रोफेसर अनिता शंकर, नीलू श्रीवास्तव, आराधना गोस्वामी, प्रीति बाला टांक, मीना प्रसाद, नीलम तिवारी, गायत्री साहू, वीरेंद्र साहू, कौशिक बिशि, शोधार्थी निकिता रामटेके, शीलाल वर्मा, हेमलाल सहारे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और दर्शक उपस्थित थे। आयोजन को डॉ प्रवीण कुमार साहू ने बहुत ही सुन्दर ढंग से संचालित किया और डॉ बी. एन जागृत ने आभार प्रदर्शन करने हुए अतिथियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

Email- cmodongargarh@rediffmail.com

क्रमांक/782/राजस्व/न.पा.प./2025 डोंगरगढ़ दिनांक 17/09/2025

**// दुकान आवंटन सूचना//**

एतद द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि क्वांर नवरात्रि पर्व दिनांक 21/09/2025 से 02/10/2025 तक आयोजित है। इस हेतु मेला में अस्थायी दुकानों का आबंटन किया जाना है। आबंटन दिनांक 19/09/2025 दिन शुक्रवार को प्रात: 10:00 बजे से मेला ग्राउंड में किया जावेगा। इच्छुक व्यक्ति पूर्व मेला में आंवटित दुकान की रसीद एवं आधार कार्ड की छायाप्रति अपने साथ अनिवार्यत: लावे आवंटन उपरांत किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

**दुकान आवंटन हेतु नियम व शर्ते-**

1. पूर्व संचालित दुकानदारों को आबंटन में प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अपने साथ पूर्व वर्ष की रसीद एवं आधार कार्ड अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।
3. नये दुकानदारों को स्थल की उपलब्धता के आधार पर दुकान आवंटन किया जावेगा।
4. पूर्व में संचालित दुकानदारों को स्थल आबंटन हेतु निर्धारित तिथि पर पहुंचने पर प्राथमिकता दी जावेगी।
5. निर्धारित तिथि पर नहीं पहुंचने पर उनके आवेदन पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।
6. होटल एवं खाद्य पदार्थ के विक्रेता बिना खादय लाईसेंस के किसी भी खादय पदार्थों का विक्रय न करे।
7. होटल आबंटन के पूर्व होटल मालिकों खादय लाईसेंस प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**उपरोक्त कविकाओं का उल्लंघन करते पाये जाने पर तत्काल आबंटित दुकान निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोगरगढ़**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)**
**संक्षिप्त मैनुअल निविदा सूचना क्रमांक-21**

क्रमांक / 2047 / वलेलि / ग्रायांसेवा/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 12.09.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में ) | निविदा कार्यालय में पहुंचने का दिनाक | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 4 के.एल.डी.एफ.एस.टी पी. निर्माण कार्य नवागांव वि.खं. मानपुर जिला मो.-मा.-अ. चौकी | 31.07 | 26.09.2025 | प्रथम बार |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 12.09.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 26.09.2025 तक सायं 5.30 तक है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग - राजनांदगांव**

जी- 252603542


# मदरसा में स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन, महिलाओं की रही भीड़

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के मोतीपुर रामनगर क्षेत्र के ताजनगर स्थित मदरसा गुलशने रजा में रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्री रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क सेवा दी गई। आम जनों के लिए आयोजित इस स्वास्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने अपना उपचार कराया और नि:शुल्क दवाईया ली । मदरसा कमेटी और लाइफ केयर क्लिनिक एण्ड मेडीकोज के सहयोग से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर के उद्देश्य को लेकर डा. इरशाद आलम ने बताया कि कई लोगों को उनके बीपी शुगर का पता ही नहीं रहता, समय पर लोगों को बीपी शुगर का पता लगना और बीमारियों के उपचार को लेकर इस शिविर का आयोजन किया गया है।



**विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवा**

सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में 107 मरीजों ने अपना उपचार कराया । इस शिविर में अपनी सेवा देने पहुंचे हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मानस श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में ज्यादातर मरीज साइटिका, घुटनों में दर्द, कमर दर्द से संबंधित पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की बीमारी के पीछे बढ़ती उम्र के साथ कैल्शियम और विटामिन की कमी एक कारण है । वहीं शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीषा वर्मा ने महिलाओं से संबंधित रोगों का उपचार कर उन्हें परामर्श दिया।

**शिविर की सराहना**

स्वास्थ्य शिविर को लेकर आसपास क्षेत्र के लोगों में उत्साह बना रहा। खासकर शिविर में महिलाओं की संख्या अधिक रही । मदरसा कमेटी के माध्यम से आयोजित इस शिविर में मेघा यादव, कोमल बया, रमेश साहू सहित अन्य लोगों ने अपनी सेवाएं दी। निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लेने पहुंचे लोगों ने इस शिविर की सराहना की।

## विभाग स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता में शिशु मंदिर के छात्रों का वर्चस्व

**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगाँव में अध्ययनरत्



भैया बहिनों का शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त सर्वांगीण विकास हेतु खेल, बौद्धिक प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई । इन प्रतियोगिताओं में शिशु मंदिर डोंगरगाँव के भैया बहिन विभाग स्तर पर शतरंज एवं बैडमिंटन खेल में सोहन यदु के मार्गदर्शन में बालोद नगर में विजय हासिल किए । शतरंज द्वंद्वप्रतियोगिता में भैया संकल्प वैष्णव, रूद्र देवांगन, भव्यांश देवांगन, आशीष, मोक्ष बहिन वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में बहिन काजल देवांगन, खुशी साहू, दिव्या नेताम, विनीता, गुणिता, तोषिका, दीपिका ने विजय हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किए । इसी प्रकार श्री नेमुदास एवं चंद्रिका साहू दीदी के मार्गदर्शन में बौद्धिक, संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता खैरागढ़ में आयोजित हुई । बौद्धिक प्रतियोगिता में शिशु मंदिर डोंगरगांव के भैया बहिनों में विज्ञान प्रश्न मंच कार्यक्रम में भैया संस्कार वैष्णव, साकेत साहू, बहिन हिना देवांगन प्रथम स्थान पर रहें । शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में बहिन चंचल यदु प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किए है ।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**!! ईश्तहार !!**

रा.प्र.क. 202509092300029 ब-121 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मदन लाल वर्मा पिता गैदाराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम पलान्दुर तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पलान्दुर पटवारी हल्का नं0 12 रा.नि.मं. मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं0 151/1, 959/2, 959/3 रकबा 0.045, 0.182, 0.182 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.409 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋष्ा पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋष्ा पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋष्ा पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 06/10/2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील

**नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

## ज्ञान मंथन

*1) 27वें अखिल भारतीय वन खेल महोत्सव 2024 में किस राज्य ने समग्र चैंपियन का खिताब जीता?*

*2) दुनिया की सबसे लंबी एक्सप्रेस वे सुरंग, तियानशेन शेंगिल सुरंग, किस देश में स्थित है?*

*3) हाल ही में खबरों में देखा गया माउंट कानलोन किस देश में स्थित है?*

*4) कौन से प्रोटोप्लैनेट की पृथ्वी से टक्कर चंद्रमा के निर्माण से जुड़ी है?*

*5) 2025 पेन पिंटर पुरस्कार किसने जीता?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) छत्तीसगढ़ (2) चीन (3) फिलीपींस (4) थेया (5) लीला अबूलेला

# कबीरधाम पुलिस ने 16.50 लाख रुपये की केसीसी लोन धोखाधड़ी का किया पर्दाफाश - दो आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम पुलिस ने वित्तीय धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में कुल 16.50 लाख रुपये के केसीसी लोन की राशि का दुरुपयोग कर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की गई थी। प्रार्थी गणेश राम धुर्वे, निवासी ग्राम बुचीपारा थाना पंडरिया, जिला कबीरधाम ने दिनांक 24.02.2025 को थाना कुकदुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि माह जुलाई 2024 में नेतराम डहरिया नामक व्यक्ति ने अपने आप को बैंक का लोन एजेंट बताकर प्रार्थी से उसके कृषि भूमि के दस्तावेज एवं हस्ताक्षर प्राप्त किए। इसके बाद उसने अपने साथी बैंक कर्मी के साथ मिलकर प्रार्थी के नाम पर 16.50 लाख रुपये का केसीसी लोन स्वीकृत कराया और उक्त राशि



को प्रार्थी के बैंक खाते से एटीएम व ऑनलाइन माध्यम से स्वयं आहरित कर लिया। रिपोर्ट पर थाना कुकदुर में अपराध क्रमांक 29/2025 धारा 318(4), 3(5) बी.एन.एस. 2023 एवं धारा 66(सी) आई.टी. एक्ट 2000 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन लेखबद्ध किए गए। एक्सिस बैंक शाखा कवर्धा से प्रार्थी के केसीसी लोन खाता एवं सेविंग खाता से संबंधित दस्तावेज, एकाउंट ओपनिंग फॉर्म एवं ट्रांजेक्शन डिटेल जप्त की गई। इसी प्रकार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा चंदनीडीह रायपुर से आरोपी गिरीश कुमार वर्मा के सेविंग खाता का एकाउंट ओपनिंग फॉर्म एवं ट्रांजेक्शन डिटेल जप्त किए गए।

विवेचना के दौरान आरोपीगण

1. गिरीश कुमार वर्मा निवासी कुम्हारी, जिला दुर्ग (छ.ग.) 2. नेतराम डहरिया निवासी इंदौरी, जिला कबीरधाम दिनांक 15.09.25 को गिरफ्तार कर आज दिनांक को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल कबीरधाम भेजा गया ।

# वन अपराध प्रकरणों पर कार्यवाही विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** इस प्रशिक्षण में सेवानिवृत्त उपवनमण्डलाधिकारी श्री जितेन्द्र ठाकुर द्वारा वन अपराध प्रकरणों से संबंधित महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान वन अपराध दर्ज करने की प्रक्रिया, स्थल पर तैयार किए जाने वाले अभिलेख एवं आवश्यक सावधानियां, केस डायरी संधारण, विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत अपराधों की पहचान, छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान अधिनियम, छत्तीसगढ़ वन उपज व्यापार विनियमन नियम, बढ़ईगिरी का पंजीयन एवं आरामशीन की जांच, जप्ती की प्रक्रिया, अतिक्रमण पर बेदखली की कार्यवाही तथा कोर्ट चालान की प्रक्रिया जैसे बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण में वनमण्डल कवर्धा के उपवनमण्डलाधिकारी, चयनित प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, एस.सी.एफओ., सी.एफओ. एवं बी.एफओ. सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक भोलाराम साहू के नेतृत्व में छुरिया काँग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** बिहार में राहुलगांधी व इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में सत्तापक्ष के खिलाफ चलाया गया वोट चोर गद्दी छोड़




अभियान अब पूरे देश में गति पकड़ते जा रहा है, इसी तारतम्य में 18 सितंबर को राजनांदगांव में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहे ए.आई.सी.सी. महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट व प्रदेश काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपकबैज व कार्यक्रम में पधार रहे प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के नेतृत्व में छुरिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति देकर राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार मंथन किया। आयोजित बैठक में पूर्व विधायक चन्नी साहू पूर्व विधायक खुज्जी, श्री रितेश जैन अध्यक्ष, ब्लॉक कॉग्रेंस कमेटी छुरिया, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया, श्री राजू सिन्हा कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, श्री मदन साहू जिला किसान नेता, श्री अब्दुल खान अध्यक्ष ब्लॉक काग्रेंस कमेटी कुमरदा, श्री चुम्मन साहू जिला महामंत्री, श्री विपिन यादव पूर्व जनपद सदस्य, श्री एकनाथ सिन्हा, श्री सोनू खान पार्षद, श्री प्रताप धावड़े, श्री लादूराम तुमरेकी, श्री अमित अग्रवाल, श्री विजय साहू, श्री सियाराम मरकाम, श्री पालन दास साहू, श्री मोनू खान श्री आदित्य सिन्हा, राहुल उइके, पिन्टू कंवर, अनुप सहारे सहित बड़ी कॉग्रेंस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम बिपतपुर में मुक्तिधाम शेड निर्माण ग्रामवादी ने आभार व्यक्त किये

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** पंडरिया तहसील के अंतर्गत दामापुर बाजार के पास ग्राम बिपतपुर स्थित है। विगत वर्ष 24 सितंबर 2024 को ग्राम बिपतपुर के रघुनंदन वैष्णव की पुत्री का देहावसान होने पर अग्निसंस्कार किया जा रहा था। मुक्तिधाम में कोई शेड न होने के कारण खुले में अग्नि संस्कार किये जाते समय बारिश शुरू हो गया। गांव वालों ने तिरपाल की व्यवस्था कर लड़की का अग्निसंस्कार किया।जिसकी जानकारी वैष्णव समाज सेवा समिति जिला अध्यक्ष बिहारी दास वैष्णव ने दिया था। मीडिया न्यूज चैनल खबर योद्धा, ई एन एस न्यूज, दैनिक समाचार पत्र नवप्रदेश, हरिभूमि, नई दुनिया, नवभारत, पत्रिका , दैनिक भास्कर व अन्य समाचार पत्र ने प्रकाशित किया। जिसमें पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भावना बोहरा जी से ग्राम बिपतपुर में शवदाह के लिए शेड निर्माण की मांग ग्राम वासियों तथा वैष्णव समाज जिला अध्यक्ष बिहारी दास वैष्णव ने की गई थी। पत्रकार जितेन्द्र नामदेव जी के द्वारा विधायक महोदया जी से फोन पर चर्चा कर शेड निर्माण की मांग की। पंडरिया विधायक भावना बोहरा



द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर शीघ्र ही ग्राम बिपतपुर में शवदाह के लिए मुक्तिधाम शेड निर्माण एवं प्रतीक्षालय स्वीकृत कराकर निर्माण कराया गया। ग्राम बिपतपुर में रघुनंदन वैष्णव के मृत कन्या का बरसी कार्यक्रम में शामिल होने जाने पर पक्का शवदाह एवं प्रतीक्षालय का अवलोकन किया गया। गांव के लोगों से चर्चा किये जाने पर सभी लोगों ने न्यूज चैनल तथा समाचार पत्रकारों एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा जी को धन्यवाद,सादर आभार व्यक्त किया। जिसमें ग्राम के सरपंच,पंच, रघुनंदन वैष्णव,निर्मल दास वैष्णव,धनेश वैष्णव, महंत पुष्प कुमार वैष्णव, धर्मेंद्र,संजीत, गनपत ,सनत यादव,राजू राजपूत, गजेन्द्र वैष्णव, बिसेन वैष्णव, धनी वैष्णव,सुरेश वैष्णव, राम दास वैष्णव, मुकेश वैष्णव, राम शंकर यादव, जिला अध्यक्ष बिहारी दास वैष्णव, धनेश दास, रोहित वैष्णव व ग्राम वासी शामिल थे ।

# हिंदी विशाल समुद्र के समान है - इंजी. नीरज बाजपेयी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर, मोहड़



(सीबीएसई) में हिंदी दिवस पूरी गरिमा के साथ मनाया गया। प्रति सप्ताहांत होने वाली को-केरिकुलर एक्टीविटी को ध्यान में रखते हुए इसे एक अलग ही रंग दिया गया। हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान के मार्गदर्शन में हिंदी दिवस मनाया गया। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं अंचल के युवाशिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी ने कहा कि हिंदी हिंदोस्तान की भाषा है और इसे देश के सिंहासन पर बिठाना ही होगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की नीतियों में अब प्रमुखता के साथ हिंदी को शामिल किया जा रहा है यह शुभ संकेत है। संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने हिंदी की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए हमें हिंदी की सेवा करनी होगी। हिंदी दिवस के संदर्भ एवं प्रसंग को रेखांकित करती हुई प्राचार्या सुश्री जहान ने कहा कि हिंदी वैज्ञानिक भाषा है और इसकी विशेषताएँ ही इसे आने वाले दिनों में वैश्विक भाषा का दर्ज़ा दिलाएगी। कक्षा 11वीं एवं 12वीं में हिंदी विषय लेकर पढ़ रहे विद्यार्थियों ने बहादुर शाह जफर एवं दुष्यन्त कुमार की गज़लें गाकर हिन्दी दिवस के कार्यक्रम को एक नई ऊँचाई दी। संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, श्री रितेश शर्मा, श्री नीरज कोटड़िया, श्रीसमीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी एवं प्रशासक जी राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा, श्रीमती रेखा निषाद, श्रीमती सरिता साहू , श्रीमती चित्ररेखा धनकर, श्रीमती नंदनी साहू, श्रीमती धन्नी साहू सहित शैक्षणिक स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक श्री नवीन देवांगन ने दी।

# मगरलोटा का खेल मैदान पानी पाउच, डिस्पोजल कांच के टुकड़े शराबी फैला रहे हैं गंदगी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम मगरलोटा (टेड़ेसरा से लगा हुआ ग्राम)का खेल मैदान (स्टेडियम) में बने दर्शकों के बैठने की जगह पर शराबियों का जमघट लगता है। ग्राम मगरलोटा का स्टेडियम खेल मैदान मे प्रतिदिन शाम से लेकर रात तक शराबियों का जमघट लगता है। शराब का सेवन कर पानी पाउच, डिस्पोजल और कांच के टुकड़े मैदान के चारों ओर बिखरी पड़ी है। मगरलोटा के खेल मैदान में आसपास के ग्रामीण जन इस मैदान का उपयोग करते हैं लेकिन कांच के टुकड़े, पानी पाउच और डिस्पोजल की गंदगी से पट जाने के कारण अब इसका उपयोग पूर्णता बंद कर दिए हैं।

**मगरलोटा स्टेडियम के समीप सार्वजनिक शौचालय में गंदगी से पटा पड़ा**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर स्वच्छता का संदेश आम जनता तक पहुंचाया उन्होंने कहा कि अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना हम सभी के सामूहिक जिम्मेदारी है स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान प्रदेश भर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे इसमें सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता की प्रति जागरूकता और स्व.प्रेरणा से जुड़ाव समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव स्वच्छता की बातें करते हैं और उन्होंने देश को स्वच्छ बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है हमें इसे आगे बढ़ाने के लिए अपनी जिम्मेदारी प्राथमिकता से निभानी चाहिए।

# रक्तदान, जीवन बचाने और सबसे बड़ा मानव सेवा कार्य है - उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान कर समाज को किया प्रेरित




पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला चिकित्सालय कवर्धा में आज स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर शिविर में स्वयं रक्तदान कर समाज को यह संदेश दिया कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का कार्य है बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं की सबसे बड़ी मिसाल है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों सहित युवाओं ने भी रक्त दान किया। उप मुख्यमंत्री ने रक्तदान शिविर में उपस्थित युवाओं से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। रक्तदान के दौरान उन्होंने कहा कि रक्त की हर बूंद किसी के जीवन को बचा सकती है। यह सबसे बड़ा पुण्य और सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग यदि नियमित रूप से रक्तदान की परंपरा को अपनाए, तो रक्त की कमी से किसी भी मरीज को परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे रक्तदान को सामाजिक दायित्व समझकर अधिक से अधिक संख्या में इसमें भाग लें। उन्होंने निरंतर रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज और सशक्त परिवार की दिशा में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है।

## धर्म समाचार....

# 21 सितंबर को सूर्य ग्रहण : भारत में नहीं दिखेगा सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या का सूर्य ग्रहण, इसलिए इसका सूतक भी नहीं रहेगा

21 सितंबर (सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या) को सूर्य ग्रहण है। ये ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। इसलिए देश में इसका सूतक भी नहीं रहेगा। जिन जगहों पर ये ग्रहण दिखेगा, वहां ग्रहण शुरू होने से 12 घंटे पहले सूतक शुरू हो जाएगा और ग्रहण खत्म होने तक रहेगा। ये सूर्य ग्रहण भारतीय समयानुसार 21 सितंबर की रात 11 बजे से शुरू होगा और रात 3.24 बजे खत्म होगा। ये सूर्य ग्रहण होगा, न्यूजीलैंड, पश्चिमी अंटार्कटिका के आसपास के क्षेत्रों में दिखाई देगा। वैसे तो सूर्य ग्रहण एक खगोलीय घटना है, लेकिन शास्त्रों में ग्रहण की मान्यताएं राहु और केतु से जुड़ी हैं। माना जाता है कि राहु सूर्य-चंद्र को ग्रसता है, इस कारण ग्रहण होते हैं। दूसरी ओर वैज्ञानिक वजह ये है कि जब सूर्य और पृथ्वी की बीच में चंद्र आ जाता है, और ये तीनों ग्रह एक सीधी लाइन में होते हैं, तब चंद्र पृथ्वी तक सूर्य की रोशनी आने से रोक देता है। पृथ्वी पर चंद्र की छाया पड़ने लगती है, इसे ही सूर्य ग्रहण कहते हैं।

**सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर करें ये शुभ काम**



उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, चूंकि ये भारत में ये ग्रहण दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक काल के नियम यहां लागू नहीं होंगे। सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या से जुड़े धर्म-कर्म पूरे दिन किए जा सकेंगे। इस दिन पितृ पक्ष खत्म होता है। इस अमावस्या पर पितरों के लिए धूप-ध्यान जरूर करना चाहिए। इस दिन अनाज, वस्त्र या धन का दान करना शुभ माना जाता है। गौशाला में गायों के देखभाल के लिए धन का दान करें, गायों को हरी घास खिलाएं। बच्चों को पढ़ाई की चीजें दान करें। अमावस्या पर गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने की भी परंपरा है। अगर नदी में स्नान नहीं कर पा रहे हैं तो घर पर पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। स्नान के बाद दान-पुण्य जरूर करना चाहिए। भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का अभिषेक करें। पीपल को जल चढ़ाएं और परिक्रमा करें। हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर हनुमान चालीसा का पाठ करें। शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। श्रीकृष्ण का अभिषेक करें और माखन मिश्री का भोग लगाएं। कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें।

**22 सितंबर से शुरू होगी नवरात्रि**

मां दुर्गा की पूजा का महा उत्सव शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। 1 अक्टूबर को दुर्गा नवमी के साथ नवरात्रि का समापन होगा। इस बार ये पर्व 9 नहीं, 10 दिनों का होगा। ये अद्भुत संयोग लगभग 9 साल बाद बन रहा है। इससे पहले 2016 में भी नवरात्रि 10 दिनों की थी। इस साल नवरात्रि की चतुर्थी तिथि दो दिन रहेगी, इस कारण देवी पूजा के लिए भक्तों को एक अतिरिक्त दिन मिलेगा और भक्त 10 दिनों तक नवरात्रि मना पाएंगे। पंचांग के अनुसार, 25 और 26 सितंबर को दोनों दिन चतुर्थी तिथि रहेगी। नवरात्रि की समाप्ति के बाद इस बार दशहरा 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

## इन राशियों के जीवन में होगा बड़ा बदलाव, खुशियों से भर जाएगा जीवन

तुला राशि में मंगल का गोचर कई राशि के जातकों के लिए मिलाजुला रहने वाला है। कई जातकों का काम पर फोकस रहेगा। ऐसे में चलिए एस्ट्रोलॉजर आनंद सागर पाठक जी से जान सकते हैं कि मेष से कर्क राशि के जातकों के लिए ये गोचर कैसा रहने वाला है।




**मंगल देव को कैसे प्रसन्न करें?**- आनंद सागर पाठक, एस्ट्रोपत्री। मंगल देव का तुला राशि में गोचर एक महत्वपूर्ण ज्योतिषीय घटना है। मंगल देव ऊर्जा, साहस, जज़्बे और दृढ़ता के कारक माने जाते हैं। तुला राशि में मंगल देव रिश्तों में संतुलन ला सकते हैं। यह एक प्रभावशाली असर उत्पन्न कर सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि मंगल गोचर का मेष, वृषभ, मिथुन और कर्क राशि के जातकों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

**मेष राशि**- मेष राशि वालों के लिए मंगल देव लग्नेश और अष्टमेश हैं। मंगल देव का तुला राशि में सप्तम भाव में गोचर हो रहा है, जिससे साझेदारी, विवाह और व्यापारिक सहयोग पर ध्यान जाएगा। मंगल देव की दशम भाव पर दृष्टि करियर ग्रोथ और सम्मान के लिए शुभ है, जबकि प्रथम और द्वितीय भाव पर प्रभाव बेचैनी और जल्दबाजी भरे वचन ला सकता है। रिश्तों में जोश भी रहेगा और मतभेद भी हो सकते हैं, इसलिए संतुलन आवश्यक है।

**वृषभ राशि**- वृषभ राशि वालों के लिए मंगल देव द्वादशेश और सप्तमेश हैं। मंगल देव का तुला राशि से षष्ठ भाव में गोचर कार्यस्थल पर चुनौतियां या कानूनी मामलों को ला सकता है। लेकिन मंगल देव शत्रुओं और प्रतियोगिता से लड़ने की शक्ति भी देंगे।

**मिथुन राशि**- मिथुन राशि वालों के लिए मंगल देव लाभेश और षष्ठेश हैं। मंगल देव का तुला राशि से पंचम भाव में गोचर होगा। यह गोचर रचनात्मकता, प्रेम संबंध और संतान पर असर डालेगा। मंगल देव की अष्टम भाव पर दृष्टि अचानक बाधाओं से सावधान करती है, जबकि लाभ भाव पर दृष्टि मेहनत से लाभ दिला सकती है। प्रेम जीवन में कठिनाइयां रह सकती हैं, परंतु कार्यक्षेत्र में उन्नति संभव है। **कर्क राशि**- कर्क राशि वालों के लिए मंगल देव दशमेश और पंचमेश हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# स्वच्छता अपनाने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

## स्वच्छोत्सव–स्वच्छ एवं हरित उत्सव के प्रसंग पर शीतला माता मंदिर परिसर की सफाई कर स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। सुपर स्वच्छता लींग कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छोत्सव–स्वच्छ एवं हरित उत्सव प्रसंग पर स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर आज महापौर श्री मधुसूदन यादव, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, अधिकारियों व कर्मचारियों, स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों ने सिद्ध पीठ मॉ शीतला माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किये, सफाई के अंतर्गत बुढ़ा सागर के किनारे साफ सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाया गया। वही एक पेड मॉ के नाम के लिये महापौर श्री यादव, पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित सांसद प्रतिनिधि श्री देवशरण सेन, विधायक प्रतिनिधि श्री तरूण लहरवानी, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री शैकी बग्गा, राजेश जैन रानू, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा सिन्हा,पार्षद सर्वश्री श्री शिव वर्मा, कमलेश बंधे, रवि सिन्हा, श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर,चंद्रशेखर लश्करे, पूर्व पार्षद सर्वश्री देवेन्द्र मोहन लाला, शरद सिन्हा, बलवंत साव, पूर्व नामांकित पार्षद श्री हकीम खान, पार्षद प्रतिनिधि श्री पंकज कुरंजेकर, राजेश यादव ने मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति ने पौधे रोपित किये।



स्वच्छता अभियान के प्रथम दिन साफसफाई के अलावा विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिह जी ने जनप्रतिनिधियों,गणमान्य नागरिको, निगम पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदीयों को स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाई कि हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेगे, हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। हम स्वयं को एक स्वच्छ स्वस्थ्य और नवीन भारत के निर्माण एवं चल रहे स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के लिये पुरी निष्ठा के साथ समर्पित करेंगे, जिसमें हम अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे न ही किसी को फेकने देंगे। हम अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेगे और नगर निगम की गाडी में ही डालेगे। हम यह भी शपथ लेते है कि सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगे तथा शॉपिंग हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे और अपने आस पास एवं शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे। स्वच्छता अभियान में अपने संबोधन में डॉ. रमन सिह जी ने विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुये कहा कि आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस से स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ हो रहा है, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती तक चलेगा। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने गंदगी नही करूंगा न करने दूंगा का नारा लेकर विगत 10 वर्ष से स्वच्छता आंदोलन चलाया, जिससे स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता भी आयी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अपनाना स्वस्थ रहने का सबसे बड़ा साधन है। आज एक पेड़ मॉ के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। महापौर श्री मधुसूदन यादव जी ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी की सोच के अनुसार पिछले कई वर्षो से स्वच्छता अभियान चल रहा है, जिसका अच्छा परिणाम आया और लोगो में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई। उसी प्रकार उनकी सोच एक पेड मॉ के नाम का भी अच्छा प्रतिसात मिल रहा है और लोग इससे जुडकर वृक्षारोपण कर रहे है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के लिये कारगर होगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज स्वच्छता ही सेवा अभियान प्रारंभ हो गया है जो 2 अक्टूबर 2025 महात्मा गांधी जी की जयंती तक चलेगा। उन्होंने कहा कि शासन निर्देशानुसार साफ सफाई संबधित विभिन्न गतिविधियों में स्वच्छता जन जागरूकता, जनभागीदारी से सार्वजनिक स्थानों की सफाई, नुक्कड नाटक, रैली, प्लास्टिक बैन व सोर्स पर ही कचरा पृथकीकरण, एक पेड मॉ के नाम आदि गतिविधियॉ स्वच्छता ही सेवा में किया जाना है। आज के शुभारंभ अवसर पर स्वच्छता के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी तथा सफाई मित्र उपस्थित थे।



## भगवान विश्वकर्मा विराजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा में निर्माण एवं सृजन के प्रतीक शिल्पकार में सर्वोच्च देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा विराजित ठेकेदार अग्रेश्वर पटेल दयालु निषाद मिस्त्री टीकु निषाद जनक साहू जनपद सदस्य रोहित चंद्राकर पूर्व योगेन्द्र दास वैष्णव पंच चुम्मन निषाद निर्मल पटेल ने पजा अर्चना किया।




गंज लाईन दुर्गा उत्सव समिति

गंज लाईन राजनांदगाँव



23वाँ वर्ष | वर्ष 2025

माता की स्थापना के लिये गठित समिति

मार्गदर्शक - सर्वश्री खूबचंद पारख, श्रीकिशन खण्डेलवाल प्रेम बाफना, अशोकचंद बैद, सत्यनारायण गोयल, सुभाष अग्रवाल, अजीत जैन (पूर्व महापौर)

अध्यक्ष - राजेन्द्र लड्ढा

उपाध्यक्ष - रमेश डागा, सुरेश पोरवाल, शैलेष डागा

सचिव - अंकेश बाफना, अश्विन लड्ढा

कोषाध्यक्ष - ओमप्रकाश पोरवाल, निकुंज लड्ढा, सौरभ पोरवाल

सहसचिव - स्वराज चितलांग्या

वरिष्ठ सदस्यगण - पवन डागा, बिसन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल संजय पोरवाल, सूर्यकांत जैन, राजू पोरवाल, मुकेश चितलांग्या मनोज लड्ढा, मनोज पोरवाल, नीरज पोरवाल, कैलाश राठी दामू भूतड़ा, मनीष खण्डेलवाल, मुकेश राठी, सुनील अग्रवाल नंदू भूतड़ा, कमल अग्रवाल, आशीष गांधी, दीपक गुप्ता, सोहन गुप्ता, राजू खण्डेलवाल, राजेश राठी

कार्यकारिणी सदस्य - श्री नारायण, गोविन्द नारायण, रूपेश गुप्ता, मनोज पींचा, तरूण बाफना, कोमल बाफना चिराग पोरवाल, विट्ठू अग्रवाल, शौर्य गोयल, चिराग बाफना, मदन राठी, चाइना, भोला अग्रवाल पारस झाबक, श्यामू अग्रवाल, शिव अग्रवाल, राजू भंसाली, हरीश खण्डेलवाल, राहुल बैद, जय खण्डेलवाल, घनश्याम अग्रवाल, मोहन चुरनकर, संतराम यादव, विष्णु यादव, बंटी पटेल

भण्डारा प्रभारी - ओमप्रकाश लड्ढा, घनश्याम भूतड़ा, रमेश सोनी, प्रदीप कोटड़िया, रविश गुप्ता, हर्ष लुनिया, कृष्णा सोनी


# 04 साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी पर बौखलाए बजरंगी

## आरोपी को फांसी के फंदे पर लटकाने की मांग

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के बुधवारी पारा वार्ड नंबर 14 में 2 दिन पूर्व 4 साल की मासूम बच्ची के साथ हैवानियत के पुजारी की दरिंदगी से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मौर्या बॉयस के बजरंगियों ने आरोपी को फांसी पर लटकाने की मांग को लेकर परिजनो के साथ थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह को ज्ञापन सौपा गया ताकि भविष्य में इस तरह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना धर्मनगरी में न हो। ज्ञापन सौंपते हुए बजरंगियों ने घटना के संबंध में बताया गया कि डोंगरगढ़ के बुधवारी पारा में बाहर से कमाने आए एक परिवार की है जिनकी दो बेटिया है। बड़ी बेटी चार साल की है जो पढ़ती है। रात को जब घर के दरवाजे पर बैठकर पढ़ रही थी। तभी मोहल्ले में रहने वाला एक अधेड़ उसे अपने साथ ले गया और अनाचार करने के बाद उसे छोड़ दिया। आरोपी बच्ची को कब ले गया किसी को जानकारी नहीं हुई। कुछ देर बाद जब बच्ची लौटी तो दर्द से कराहने लगी, उसे परिजन तत्काल अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उन्हें बताया कि लड़की के साथ किसी ने गलत किया है। उसके बाद परिजन बच्ची को घर ले आए। उधर जब इस घटना की जानकारी मोहल्ले में रहने वाले लोगों को हुई तो डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अपराधी को उसके घर से गिरफ्तार कर थाना लाया गया। बजरंग दल के जिला सह संयोजक हनी गुप्ता ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ में इस तरह की पहली घटना है। कुछ दिन में मां की आराधना भक्ति में पूरा शहर लग जायेगा उस बीच इस प्रकार की घटना ने पूरे शहरवासियों को झकझोर कर रख दिया है । आज सभी माता पिता अपने बच्चे को लेकर चिंतित भयभीत है संवेदनशील मामले में सतर्कता जरूरी बालिका से अनाचार की घटना आरोपी की घृणित मानसिकता को दर्शाति है। आरोपी को फांसी के फंदे तक पहुंचाना जरूरी है, जिससे बच्ची व परिजनो को न्याय मिल सके। वहीं पीड़ित परिवार को उचित न्याय नहीं मिलने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान नगर के विहिप के नगर अध्यक्ष बालमुकुंद तराने,मंत्री अभिषेक साहू,जिज्ञाशू टांक,भूषण सिन्हा,नगर संयोजक ऋषभ डकहा,सह संयोजक गौरव अग्रवाल, दुर्गेश सिन्हा,शुभम परिहार,रोहित बोस,हिमाशु डकाहा,आकाश मरकाम,तरुण ठाकुर,भावेश तराने,राहुल करसे,रमेश चक्रधारी,गोपी,मनहर कुम्भकार,कुंदन,गणेश,संजय वर्मा, विमल अग्रवाल उपस्थित रहे।





**सम्मान**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित गणेशोत्सव समितियों के सम्मान समारोह में सुमति मंडल , कामठी लाइन की ओर से मंडल के संरक्षक दीपक सोनी , मनोज शर्मा , गोवर्धन खंडेलवाल , अध्यक्ष अशोक कुमार लोहिया, झांकी प्रभारी विनय चौरडिया उपस्थित होकर सम्मान प्राप्त किए ।

## चैंपियन स्नेहा हल्दर के एक और खिताब पर बधाई व शुभकामनाएं

**राजनंदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** शतरंज चैंपियन स्नेहा हल्दर के मध्यप्रदेश के सागर जिले में हुई शतरंज प्रतियोगिता में एक और खिताब जीतने पर एन.आर.सी. ए.शतरंज संस्था ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। संस्था के सचिव मोहम्मद शहरयार ने बताया कि 13 से 14 सितंबर को मध्यप्रदेश के सागर जिले में आयोजित राष्ट्रीय रैपिड शतरंज़ स्पर्धा में पश्चिम बंगाल की कु. स्नेहा हल्दर पिता भोगिरथ हल्दर ने स्पर्धा में तीसरा स्थान अर्जित कियाहै। टूर्नामेंट अयोजकों द्वारा स्नेहा हल्दर को दस हज़ार की राशि वा ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप मंचस्थ अतिथियो द्वारा प्रदान की गई है। स्नेहा की इस उपलब्धि पर संस्था के पदाधिकारियो सदस्यों ने संस्था के प्रशिक्षक शेख ईदू भिलाई का आभार प्रकट किया है,जो संस्था से जुड़े शतरंज़ खिलाड़ियों को नियमित शतरंज़ खेल का तकनीकी ज्ञान छत्तीसगढ़ के शतरंज़ खिलाड़ियों को दे रहे हैं



# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा और गौरव बढ़ाने में क्रिकेट की बड़ी भूमिका : संजय सिन्हा

## क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा पहुंचे टीपानगढ़

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकास खंड के वनांचल के ग्राम जो महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम टीपनगढ़ में सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्टार इलेवन के तत्वावधान में रखा गया है, इस उद्घाटन समारोह के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट का महत्व कई दृष्टियों से देखा जा सकता है जैसे सामाजिक, शारीरिक, मानसिक और राष्ट्रीय स्तर पर । शारीरिक स्वास्थ्य के लिए क्रिकेट खेलने से शरीर में फुर्ती, सहनशक्ति और ताकत बढ़ती है। दौड़ने, गेंदबाजी और बल्लेबाजी से हृदय व फेफड़ों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है।लगातार अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं और फिटनेस बनी रहती है। मानसिक विकास के लिए यह खेल खिलाड़ियों में धैर्य, एकाग्रता और रणनीति बनाने की क्षमता विकसित करता है। कठिन परिस्थितियों में शांत रहना और फैसला लेने की क्षमता मजबूत होती है। टीम हार या जीत से आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच बढ़ती है। सामाजिक महत्व क्रिकेट से लोगों में टीम भावना, सहयोग और अनुशासन की आदत पड़ती है। दोस्ती, आपसी भाईचारा और सामाजिक जुड़ाव मजबूत होता है।यह खेल मनोरंजन और आनंद का भी बड़ा साधन है। राष्ट्रीय स्तर पर महत्व भारत में क्रिकेट को धर्म की तरह माना जाता है। बड़े टूर्नामेंट (जैसे वर्ल्ड कप, आई पी एल ) देश को एकजुट करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा और गौरव बढ़ाने में क्रिकेट की बड़ी भूमिका है। क्रिकेट से आर्थिक विकास भी होता है जैसे खेल उद्योग, विज्ञापन, पर्यटन आदि। क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन, मनोरंजन और राष्ट्रीय गौरव का माध्यम है। इस कार्यक्रम में श्रीमती स्वाति मंडावी,सरपंच टीपानगढ़,नैन सिंह पटेल उपाध्यक्ष मंडल भाजपा, भूखन धनकर,अशोक सेन,अशोक साहू,मोहित सर्वा,संदीप सरकार,छगन लाल,मनीष नेताम,हेमंत साहू,विष्णु साहू,महेश साहू सहित समिति के सदस्यगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com